# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 31 अगस्त, 2026/09, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 66**

----

### प्रसवोपरांत मृत्यु

***4552 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जून, 2026 को क्षेत्रीय अस्पताल, कुल्लू में बालीचौकी क्षेत्र की महिला निवासी की प्रसवोपरांत मृत्यु हुई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या इस प्रकरण की जांच करवाई गई थी; जांच किस स्तर पर, किस अधिकारी/समिति से करवाई गई तथा इसका निष्कर्ष एवं संस्तुतियां क्या हैं; और

(ग) क्या जांच में किसी प्रकार की चिकित्सकीय अथवा प्रशासनिक लापरवाही पाई गई है; यदि हां, तो संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई अथवा प्रस्तावित है?

----

## रिक्त पद

***4553 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आयुर्वेदिक औषधालय मज्याठ में विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## डॉ0 यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी

***4554 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) डॉ0 यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में नक्षत्र वाटिका एवं स्वरोज़गार धाम पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा कार्यवार लागत, वित्तीय स्रोत, स्वीकृतियां एवं कार्य पूर्ण होने सहित दें;

(ख) क्या निर्माण एवं खरीद कार्य एच0पी0एफ0आर0, जी0एफ0आर0 तथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार निविदा प्रक्रिया से किया गया है; यदि हां, तो निविदा, चयनित एजेंसी/आपूर्तिकर्ता एवं कार्यादेश का ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) क्या यह व्यय राज्य अनुदान अथवा अन्य मद से किया गया तथा इसी अवधि में वेतन आदि हेतु धनाभाव था; यदि हां, तो इसका औचित्य क्या है; और

(घ) सजावटी पौधों की खरीद हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; ब्यौरा खरीद, भुगतान, हितों के टकराव/अनियमितता संबंधी शिकायतों एवं सरकार द्वारा प्रस्तावित जांच/कार्रवाई सहित दें?

----

## 200 बिस्तरीय अस्पताल

***4555 श्री नीरज नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नवनिर्मित 200 बिस्तरीय अस्पताल, सरोल, चम्बा का उद्घाटन किए जाने के उपरांत इस अस्पताल के सुचारु संचालन एवं आम जनता को निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु विभिन्न श्रेणियों के लगभग 340 पदों की आवश्यकता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस अस्पताल के सुचारु संचालन, आवश्यक चिकित्सा एवं गैर-चिकित्सकीय सेवाओं की निरंतर उपलब्धता तथा नवनिर्मित परिसर के प्रभावी

संचालन हेतु विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों के सृजन एवं भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## भजवाणी पुल

***4556 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भजवाणी पुल का निर्माण कार्य कब स्वीकृत हुआ तथा इस परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है; इस पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत कितनी है; इसमें से कितना कार्य पूर्ण हो चुका है;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा इस निर्वाचन क्षेत्र हेतु सड़कों एवं पुलों के रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; वर्षवार एवं मदवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में कितनी धनराशि जारी व कितनी व्यय की जा चुकी है व कितनी शेष है; वर्षवार एवं कार्यवार ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

***4557 श्री अजय सोलंकी (नाहन) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नाहन से ददाहू वाया पंजाब तथा सराहां-पालियो-गुमती (वाया बर्मा पापड़ी, कौलांवाला भूड़) बसों को बीच-बीच में बंद कर दिया जाता है; यदि हां, तो कारण तथा क्या सरकार इनकी समय-सारणी को निर्धारित करके इनको नियमित रुप से चलाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इनके अलावा इन बस रूटों पर अन्य बसें भी चलाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## इन्डोर स्टेडियम

***4558 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहलू के अंतर्गत खेल एवं युवा सेवाएं विभाग द्वारा इन्डोर स्टेडियम का निर्माण विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या-

क्या औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं; क्या इस हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है तथा इसके निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत हो चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## नगर पंचायत

***4559 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि संधोल एवं धर्मपुर पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है; यदि हां, तो इन निकायों में स्टाफ की अद्यतन स्थिति क्या है व इसमें कितने पद रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## जाइका

***4560 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में वन विभाग के अंतर्गत जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका) तथा अन्य केंद्र/राज्य प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कितने कार्य/परियोजनाएं संचालित हैं; ब्यौरा कार्य/परियोजना के नाम, स्थान, ग्राम/पंचायत, स्वीकृति वर्ष एवं स्वीकृत धनराशि सहित दें;

(ख) इन योजनाओं/परियोजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत, प्राप्त एवं व्यय की गई तथा कितनी शेष है; योजना एवं कार्यवार ब्यौरा दें;

(ग) इन कार्यों में कितने पूर्ण, कितने निर्माणाधीन तथा कितने आरम्भ नहीं हुए हैं; ब्यौरा कार्य के नाम, स्थान एवं अद्यतन स्थिति सहित दें; और

(घ) क्या इस निर्वाचन क्षेत्र में वन विभाग के अंतर्गत जाइका अथवा अन्य योजनाओं के अंतर्गत नए कार्य/परियोजनाएं प्रस्तावित हैं; यदि हां, तो प्रस्ताव का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अद्यतन स्थिति एवं कार्य आरम्भ करने की संभावित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

## राहत राशि

***4561 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रेहलू निवासी का शव दिनांक 25 जून, 2026 को निर्माणाधीन

फोरलेन पुल के पास मिला था; यदि हां, तो सरकार तथा फोरलेन कम्पनी द्वारा उसके परिजनों को क्या सहायता प्रदान की गई है; ब्यौरा दें?

----

## बैचवाइज भर्ती

***4562 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**
**डॉ0 हंस राज (चुराह) :**
**श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता) :**
**श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट) :**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में जे0बी0टी0, टी0जी0टी0 (कला/मेडिकल/नॉन-मेडिकल) के कितने नियमित पद स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त हैं; श्रेणीवार एवं जिलावार ब्यौरा दें तथा दिनांक 31.07.2026 तक रिक्त टी0जी0टी0 पदों में से कितने बैचवाइज भर्ती से भरे जाने हैं;

(ख) इन पदों पर बैचवाइज भर्ती कब आरम्भ की जाएगी; सरकार नियमित बैचवाइज भर्ती हेतु समयबद्ध भर्ती कैलेंडर जारी करने तथा इसे भविष्य में जारी रखने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो वैकल्पिक नीति क्या है;

(ग) बैचवाइज भर्ती में विलंब के कारण, उसे दूर करने हेतु उठाए गए पग तथा इन श्रेणियों में पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों की संख्या का ब्यौरा जिलावार दें;

(घ) वर्तमान में प्रदेश के कितने सरकारी स्कूलों में केवल एक शिक्षक तथा कितने स्कूल प्रतिनियुक्त शिक्षकों से संचालित हैं; इनमें स्थायी शिक्षक कब तक नियुक्त कर दिए जाएंगे;

(ङ) प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एन0टी0टी0 प्री-प्राइमरी शिक्षकों एवं आया के रिक्त पदों पर भर्ती कब तक की जाएगी; ब्यौरा दें; और

(च) समग्र शिक्षा अभियान के तहत नियुक्त आयाओं की नियुक्ति प्रक्रिया, स्थायी/अस्थायी स्थिति, चयन मापदंड, साक्षात्कार प्रक्रिया/अधिकारी, मानदेय तथा भुगतान का ब्यौरा दें?

----

## सिविल अस्पताल ठियोग

***4563 श्री कुलदीप सिंह राठौर (ठियोग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सिविल अस्पताल ठियोग में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध होने के बावजूद भी रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है; यदि हां,

तो रेडियोलॉजिस्ट का पद कब से रिक्त है तथा इसे कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा को नियमित रूप से आरंभ करने हेतु सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

***4564 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में लोक निर्माण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

***4565 श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गंगथ, जिला कांगड़ा में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 हेतु ड्रैस मेकिंग तथा कॉस्मेटोलॉजी ट्रेडों को प्रशिक्षकों की उपलब्धता न होने/इंस्ट्रक्टर के SIDH Portal पर नॉन मैपिंग के कारण निलंबित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो दोनों ट्रेडों में स्वीकृत प्रशिक्षक पदों की संख्या, रिक्त पदों की स्थिति तथा इन पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रक्रिया एवं समयबद्ध कार्य योजना निर्धारित की गई है; और

(ग) क्या सरकार इन दोनों ट्रेडों को पुनः संचालित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो प्रशिक्षकों की नियुक्ति व तैनाती हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***4566 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में अनेक सरकारी पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी कॉलेजों के भवन निर्माण एवं आधारभूत संरचना से संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो रही हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में प्रदेश में कितने सरकारी पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं

फार्मेसी कॉलेज संचालित हैं तथा इनमें से कितने निर्माणाधीन हैं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजना की वर्तमान स्थिति, स्वीकृत लागत, अब तक किए गए व्यय एवं शेष कार्य का ब्यौरा दें;

(घ) प्रत्येक परियोजना का निर्माण कार्य किस एजेंसी/कंपनी को आबंटित किया गया; कार्य पूर्ण होने की निर्धारित एवं संशोधित समय-सीमा का ब्यौरा दें; और

(ङ) उपरोक्त परियोजनाओं के विलम्ब का कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## डे-बोर्डिंग स्कूल संघनई

*4567 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि डे-बोर्डिंग स्कूल संघनई के निर्माण हेतु कितनी धनराशि जारी की गई तथा कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## नियुक्तियां

*4568 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक राज्य चयन आयोग द्वारा कितने पद अस्थायी आधार पर भरे गए व भरे जा रहे हैं तथा कितने वर्षों तक इन कर्मियों की सेवाएं ली जाएंगी; पदवार ब्यौरा दें; क्या इन पदों पर चयनित होने वाले अभ्यर्थियों की सेवाओं को नियमित करने का प्रावधान किया गया है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) इस अवधि में भर्ती निदेशालय, लोक सेवा आयोग तथा राज्य चयन आयोग के पास ऐसे कितने पदों को भरने से संबंधित मांग-पत्र विभिन्न विभागों से प्राप्त हुए हैं जिनका, विज्ञापन होना शेष है तथा इन पदों को कब तक विज्ञापित कर दिया जाएगा; ब्यौरा पदवार, श्रेणीवार एवं विभागवार दें?

----

## अर्जित आय

*4569 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक बी0बी0एन0 से एक्साइज, जी0एस0टी0, बिजली, रेवेन्यू स्टाम्प ड्यूटी, वाणिज्यिक तथा

निजी वाहनों का टोकन टैक्स, वस्तु कर, प्रदूषण विभाग, फायर ब्रिगेड, उद्योग विभाग, टी0सी0पी0 व हाउसिंग बोर्ड से अर्जित की गई आय का ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## करुणामूलक आधार पर रोजगार

*4570 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)** :
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना)** :
**श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि करुणामूलक नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थी प्रतीक्षा कर रहे हैं तथा विभिन्न पात्रता शर्तों के कारण प्रकरण लंबित/निरस्त हो रहे हैं; गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्राप्त आवेदन, स्वीकृत नियुक्ति, लंबित एवं निरस्त प्रकरणों का विभागवार एवं वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) निरस्त प्रकरणों की संख्या एवं अस्वीकृति के कारण, नियम/आय सीमा संबंधी कारणों का ब्यौरा दें; वर्तमान पात्रता शर्तें एवं नियम क्या हैं;

(ग) दिनांक 07.03.2019 की नीति में निर्धारित ₹2.50 लाख आय सीमा में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार किए गए संशोधनों तथा वर्तमान आय सीमा का ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक विभिन्न विभागों, बोर्डों एवं निगमों में ₹3 लाख से कम वार्षिक आय वाले लंबित/निरस्त प्रकरणों की विभागवार संख्या कितनी है;

(ङ) क्या दिनांक 08.10.2025 की अधिसूचना में 5 प्रतिशत कोटे एवं ₹3 लाख आय सीमा की छूट 31.12.2025 तक सीमित थी; यदि हां, तो समय अवधि समाप्ति के बाद लंबित परिवारों हेतु सरकार की नीति क्या है; और

(च) क्या सरकार आय-सीमा को ₹5 लाख करने अथवा बिना शर्त वन-टाइम सेटलमेंट देने तथा पूर्व लंबित/निरस्त मामलों के निस्तारण हेतु नीतिगत संशोधन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण।

----

## एस0सी0डी0पी0 योजना

*4571 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)**:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एस0सी0डी0पी0 के तहत कितनी सड़कों का काम चला है

तथा वर्ष, 2026 में कितनी सड़कों का निर्माण हुआ व कितनी का होना शेष है; योजनावार ब्यौरा दें?

----

## सी०बी०एस०ई०

***4572 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का विलय कर एक सी०बी०एस०ई० विद्यालय संचालित किया जा रहा है; और

(ख) सरकार विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को पुनः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर इसमें छात्र एवं छात्राओं दोनों हेतु अध्ययन की व्यवस्था करने की मंशा रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## बाल आश्रम

***4573 श्री सुरेश कुमार (भोरंज):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कलैहली से बिहाली के लिए स्थानांतरित किए गए बाल आश्रम के भवन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) क्या इस आश्रम के स्थानांतरण से पूर्व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्वीकृति ली गई थी तथा इस आश्रम से बच्चों के स्कूल जाने की दूरी कितनी है; ब्यौरा दें?

----

## निविदा

***4574 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान नियमों के अनुसार विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को अधिकतम कितनी धनराशि तक के विकास कार्यों की निविदाएं जारी एवं स्वीकृत करने का वित्तीय अधिकार प्राप्त है; ब्यौरा नियमवार दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक जिला चम्बा के विकास खण्ड भरमौर, मैहला एवं चम्बा में वर्षवार कितनी निविदाएं जारी की गईं; ब्यौरा विकास खण्डवार एवं

वर्षवार दें;

(ग) जारी की गई प्रत्येक निविदा के संबंध में कार्य का नाम, स्वीकृत लागत, निविदा राशि, निविदा एवं कार्यादेश की तिथि, सफल ठेकेदार/एजेंसी का नाम तथा कार्य की वर्तमान स्थिति (पूर्ण/प्रगतिरत/लंबित) का ब्यौरा विकास खण्डवार एवं वर्षवार दें; और

(घ) क्या इस अवधि में इन विकास खण्डों में खण्ड विकास अधिकारी के वित्तीय अधिकारों से अधिक राशि की कोई निविदा जारी की गई है; यदि हां, तो ऐसे मामलों एवं सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त स्वीकृति का ब्यौरा वर्षवार एवं विकास खण्डवार दें?

----

## फीमेल हैल्थ वर्कर

***4575 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में मेल एवं फीमेल हैल्थ वर्करों के कितने पद स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त हैं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार आशा वर्करों की योग्यता एवं अनुभव को देखते हुए इन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के रिक्त पदों पर समायोजित/विलय करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) क्या सरकार आशा वर्करों को भविष्य में नियमित करने हेतु कोई स्थायी नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

***4576 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्यांज, शिल्हणु, स्वास्थ्य उप – केंद्र भयारटा, पिपलागलू, काशन तथा मशोगल के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व इसमें से कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है व कितनी शेष है; ब्यौरा दें ?

----

## गत्ता फैक्ट्री

***4577 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ में वन निगम द्वारा एक गत्ता फैक्ट्री लगाई गई थी परन्तु वर्तमान में वह बंद पड़ी है व भवन भी खाली पड़ा है; यदि

हां, तो क्या सरकार इस गत्ता फैक्ट्री को पुनः संचालित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## बखरौट-सनारली सड़क

***4578 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सी0आर0आई0एफ0 के तहत बखरौट से सनारली सड़क की किन कारणों से अभी तक निविदाएं आमंत्रित नहीं हो पाई हैं तथा विभाग कब तक इसमें उचित कार्रवाई करेगा; ब्यौरा दें?

----

## जाम से निजात

***4579 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मनाली नगर, सोलंग घाटी, अटल टनल एवं रोहतांग मार्ग पर बढ़ते यातायात जाम के स्थायी समाधान हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं, इनकी लागत, व्यय एवं अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## मानदेय

***4580 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में कार्यरत विशेष पुलिस अधिकारियों (एस0पी0ओज0) को 9,500 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाता है, जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 6,000 रुपये व प्रदेश सरकार का हिस्सा 3,500 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा देय 3,500 रुपये प्रतिमाह के हिस्से का भुगतान गत 6 महीनों से नहीं किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस लंबित धनराशि का भुगतान तथा इस मानदेय को

नियमित रूप से पुनः कब तक प्रदान कर दिया जाएगा?

----

## रिक्त पद

***4581 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; वर्तमान में इनमें से कितने पद भरे तथा रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## मरम्मत कार्य

***4582 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि एवं विपणन बोर्ड के खलीनी स्थित मुख्य कार्यालय की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ख) यह सत्य है कि बोर्ड द्वारा शिमला के पराला व खड़ापत्थर में एकीकृत शीत श्रृंखला परियोजना के तहत कोल्ड स्टोरेज बनाए गए हैं; यदि हां, तो इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) यह भी सत्य है कि इस हेतु केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है; यदि हां, तो कब व कितनी; ब्यौरा दें?

----

## बाधित बिजली

***4583 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31 मार्च, 2025 से 31 जुलाई, 2026 तक पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के 33 के0वी0 फीडर्स व 11 के0वी0 फीडर्स में कितनी बार बिजली बाधित रही व इसके क्या कारण थे; माहवार ब्यौरा दें?

----

## मानसून में नुकसान

***4584 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला लाहौल और स्पिति में वर्ष, 2026 में मानसून के दौरान दिनांक 01.08.2026 तक कितना नुकसान दर्ज हुआ; यह नुकसान किस प्रकार का है; विभागवार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार ने नुकसान की भरपाई हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## आर0डी0एस0एस0 योजना

***4585 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत मण्डल अर्की एवं नालागढ़ में आर0डी0एस0एस0 योजना कब से कार्यरत है तथा अब तक इस योजना के तहत कितने कार्य लम्बित हैं; और

(ख) लम्बित कार्यों को पूर्ण करने हेतु विभाग द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; अद्यतन स्थिति से अवगत करवाएं?

----

## आउटसोर्स

***4586 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की लाभकारी इकाइयों को आउटसोर्स/निजी कम्पनियों को देने की प्रक्रिया विचाराधीन है; यदि हां, तो किन-किन इकाइयों को आउटसोर्स करने का प्रस्ताव है व इनसे निगम को वर्तमान में कितना राजस्व प्राप्त हो रहा है तथा निजी कम्पनियों को देने से सरकार/निगम को कितना वित्तीय लाभ या हानि होने का अनुमान है; ब्यौरा दें; और

(ख) मनाली की बंद एच0पी0टी0डी0सी0 इकाइयों जैसे होटल नग्गर कैसल, होटल सिल्वर मून, होटल रोहतांग मनालसू एवं हिडिंबा कॉटेज के जीर्णोद्धार की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इन्हें पुनः कब तक संचालित किया जाएगा; सरकार लाभकारी इकाइयों को निजी कम्पनियों को देने के स्थान पर एच0पी0टी0डी0सी0 के अधीन रखकर निगम को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने की नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## पौधशालाओं में कार्यरत श्रमिकों

***4587 श्री नीरज नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा के अंतर्गत वन विभाग की पौधशालाओं में कार्यरत श्रमिकों की गत दो वर्षों से दिनांक 01.08.2026 तक की कितनी देनदारियां लम्बित हैं; पौधशालावार ब्यौरा दें; यदि हां, तो सरकार इन्हें कब तक चुकाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## विद्युत आपूर्ति

***4588 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार जिला बिलासपुर में विद्युत आपूर्ति की समस्या के समाधान हेतु क्या पग उठा रही है;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक बिलासपुर जिला में आर0डी0एस0एस0 के अंतर्गत विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं सुधार हेतु कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; और

(ग) इस अवधि में इस योजना के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***4589 श्री अजय सोलंकी (नाहन):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक केंद्रीय सड़क कोष के माध्यम से प्रदेश तथा नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत कितनी सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा सड़कवार एवं धनराशि सहित दें?

----

## बस अड्डा

***4590 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत बड़सर में जो बस अड्डा बनना प्रस्तावित है; क्या उस हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; और

(ख) इस बस अड्डे के निर्माण हेतु क्या धनराशि आबंटित कर दी गई है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा?

----

## नई पंचायतों का गठन

***4591 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा वर्ष, 2026 में धर्मपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नई पंचायतों का गठन किया गया है; यदि हां, तो किन-किन पंचायतों का गठन कब-कब हुआ; ब्यौरा दें; और

(ख) इन पंचायतों के गठन उपरान्त कितनी धनराशि आबंटित की गई तथा इसमें से दिनांक 01.08.2026 तक कितनी व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***4592 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चौपाल, नेरवा एवं कुपवी में नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नए भवन, अतिरिक्त भवन, विस्तार एवं अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत, व्यय एवं शेष है; प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान का नाम, स्थान, भवन/कार्य का नाम तथा स्वीकृत, व्यय एवं शेष धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) इन संस्थानों में भवन निर्माण अथवा भवन विस्तार के कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने निर्माणाधीन हैं तथा कितने कार्य आरम्भ नहीं हुए हैं; संस्थानवार, स्थान एवं भवन/कार्य के नाम सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या इन संस्थानों के नए भवन, अतिरिक्त भवन अथवा भवन विस्तार के प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन हैं; यदि हां, तो संस्थानवार, स्थान, प्रस्तावित कार्य एवं लागतवार ब्यौरा दें; और

(घ) जिन भवनों के निर्माण अथवा विस्तार कार्यों हेतु धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य लंबित हैं, उनके क्या कारण हैं तथा प्रत्येक लंबित कार्य को पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

----

## जिला सुधार गृह धर्मशाला

***4593 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि धर्मशाला स्थित जिला सुधार गृह को लाला लाजपत राय के नाम से किया जाना अपेक्षित है; क्या सरकार द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है; और

(ख) इसके रख-रखाव हेतु क्या-क्या कार्य किए जाने हैं तथा इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## प्रधानमन्त्री आवास योजना

***4594 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कांगड़ा विकास खण्ड में प्रधानमन्त्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कितने मकान स्वीकृत किए गए तथा इनमें से कितने मकानों का कार्य आरंभ/पूर्ण किया जा चुका है एवं कितने लंबित हैं; और

(ख) लाभार्थियों को कितनी-कितनी किस्तें जारी कर दी गई हैं; शेष लाभार्थियों को किस्तें जारी न होने के कारणवार,लाभार्थीवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## मुहालों को हक वर्तन

***4595 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा के कुछ मुहाल एवं गांव ऐसे हैं जिनको, इमारती लकड़ी के लिए हक वर्तन आज तक नहीं मिला है; यदि हां, तो कारण; ब्यौरा मुहाल व गांव के नाम सहित दें:

(ख) यह भी सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सत्यास एवं शिरी के अंतर्गत स्थित अनेक गांवों को आज तक इमारती लकड़ी प्राप्त करने हेतु हक वर्तन उपलब्ध नहीं हैं; यदि हां, तो सरकार ऐसे मुहालों को हक वर्तन प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी ऐसी मुहालें हैं, जिनका किसी भी वन क्षेत्र में

इमारती लकड़ी हेतु हक वर्तन उपलब्ध नहीं है; मुहालवार एवं ग्रामवार ब्यौरा दें?

----

## मछली उत्पादन

***4596 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में मछली का वार्षिक उत्पादन कितना होता है; गत तीन वर्षों का दिनांक 01.08.2026 तक का ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में बाहरी राज्यों से मछली का कितना व किस कीमत पर आयात किया गया;

(ग) गोबिन्द सागर झील में मछली का वार्षिक उत्पादन कितना होता है तथा इस झील के क्षेत्र के मछुआरों से किस मूल्य पर मछली क्रय की जा रही है; और

(घ) क्या सरकार बाहरी राज्यों से मछली के आयात को बन्द करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## बंद स्कूल

***4597 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया गया तथा इन बन्द किए गए विद्यालयों के खाली पड़े भवनों हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ख) सरकार इन खाली पड़े भवनों को सामाजिक संस्थाओं को देने का विचार रखती है या ये भवन किसी विभाग को दिए गए हैं, ब्यौरा दें?

----

## भालुओं का आतंक

***4598 श्री कुलदीप सिंह राठौर (ठियोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में भालुओं के हमलों से मानवों के घायल/मृत होने तथा फलदार बगीचों को हुए नुकसान का जिलावार एवं वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार भालुओं के बढ़ते आतंक को रोकने तथा मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कौन-कौन से प्रभावी पग उठा रही है;

(ग) क्या सरकार द्वारा भालू प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी, रेस्क्यू/क्विक रिस्पांस टीम, जागरूकता अभियान तथा आवश्यकतानुसार भालुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की कोई व्यवस्था की गई है;

(घ) क्या सरकार भालुओं द्वारा सेब एवं अन्य स्टोन फ्रूट बगीचों को पहुंचाए जा रहे नुकसान के लिए प्रभावित बागवानों को मुआवजा/आर्थिक सहायता प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ङ) क्या सरकार इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु कोई व्यापक नीति/कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## फायर स्टेशन

***4599 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजगढ़ उप-मण्डल में फायर स्टेशन अथवा फायर पोस्ट खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना

***4600 श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना के तहत कितने युवाओं को स्वरोज़गार हेतु वित्तीय सहायता/सब्सिडी प्रदान की गई तथा इससे कितने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर सृजित हुए; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं के लिए इस योजना के अंतर्गत विशेष जागरूकता एवं कैंप आयोजित करने का विचार रखती है?

----

## स्वचालित मौसम स्टेशन

***4601 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर अत्यधिक वर्षा, बादल फटने एवं अचानक बाढ़ से होने वाले जान-माल के नुकसान को कम करने तथा समय रहते चेतावनी जारी करने के उद्देश्य से स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित करने की योजना सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो प्रदेश में कितने स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं तथा इन्हें किन-किन स्थानों पर स्थापित किया जाएगा; और

(ख) इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत/प्रस्तावित है तथा परियोजना को कब तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है; क्या इन स्टेशनों से प्राप्त मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर भारी वर्षा की पूर्व चेतावनी एवं स्थानीय स्तर पर अलर्ट जारी करने की व्यवस्था की जाएगी; यदि हां, तो इसकी कार्य प्रणाली एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## पेड़ कटान

***4602 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार निजी भूमि/ जंगलों में सूखे चीड़ के पेड़ों को काटने की अनुमति देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं तो, कारण?

----

## निविदा आबंटन

***4603 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक जल शक्ति विभाग, मण्डल धर्मशाला द्वारा ₹5 लाख से कम लागत एवं गैर-विशेष तकनीकी कार्यों की ऑफलाइन निविदाएं प्रदेश से बाहर के ठेकेदारों को आबंटित की गई हैं; यदि हां, तो वर्षवार एवं कार्यवार ऐसे कार्यों का ब्यौरा संबंधित ठेकेदार/फर्म का नाम, राज्य, कार्य, स्वीकृत लागत एवं आबंटन की तिथि सहित दें; और

(ख) स्थानीय पंजीकृत ठेकेदारों को कार्य न दिए जाने के अभिलेखों में क्या कारण दर्ज हैं तथा क्या निविदाओं में बाहरी राज्यों के ठेकेदारों को कार्य आबंटित करने का कोई नियम, नीति अथवा अधिसूचना है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## विकास खण्ड पट्टा

***4604 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नए खुले विकास खण्ड पट्टा जिला सोलन के भवन निर्माण हेतु पर्याप्त धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## एच0आर0टी0सी0 डिपो

***4605 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) संसारपुर टैरेस में एच0आर0टी0सी0 डिपो/कार्यशाला की स्थापना एवं आधारभूत ढांचे के विकास हेतु क्या कार्रवाई की गई तथा कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं;

(ख) इस डिपो में कितनी बसें उपलब्ध हैं, कितनी संचालित व खराब हैं व इसमें स्वीकृत एवं कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है; कितने कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ग) डिपो/कार्यशाला को पूर्ण रूप से स्थापित करने हेतु सरकार की वर्तमान योजना एवं निर्धारित समय-सीमा क्या है?

----

## ले-ऑफ

***4606 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है किमोन्डेलेज इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट-1 (बॉर्नविटा लाइन) ने मई, 2026 के दौरान उत्पाद की मांग कम होने के आधार पर ले-ऑफ (छंटनी) लिया था;

(ख) यदि हां, तो कितने दिनों का ले-ऑफ लिया गया तथा इस कारण कितने कर्मचारी इससे प्रभावित हुए; ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि इन कर्मचारियों को ले-ऑफ खत्म होने के उपरान्त भी काम पर वापिस नहीं लिया गया तथा कर्मचारी इस विषय को लेकर लेबर कोर्ट गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इस मामले को सुलझाने व प्रभावित कर्मचारियों को रोज़गार प्रदान करने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## मल्टी टास्क वर्कर्ज़

***4607 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में लोक निर्माण, शिक्षा एवं जल शक्ति विभाग में नियुक्त मल्टी टास्क वर्कर्ज़ की संख्या कितनी है; विभागवार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इनको मिलने वाला मानदेय सरकार द्वारा निर्धारित दैनिक वेतन एवं दिहाड़ी से कम है; यदि हां, तो क्या सरकार न्यूनतम मानदेय मापदंडों को लागू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

***4608 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रोहड़ू व डोडरा-क्वार में पशु चिकित्सा अधिकारियों, पशु चिकित्सा फार्मासिस्टस, पैरा-मेडिकल स्टाफ व अन्य श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; संस्थानवार ब्यौरा दें?

----

## एफ0सी0ए0/एफ0आर0ए0

***4609 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एफ0सी0ए0/एफ0आर0ए0 से संबंधित कितने मामले वर्तमान में लंबित हैं; इनमें से कितने मामले किस-किस वर्ष से लंबित चल रहे हैं तथा इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; इन लंबित मामलों के संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## छात्रावास

***4610 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों, विशेषकर भरमौर एवं पांगी जैसे दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो इस केंद्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या तथा इनमें भरमौर एवं पांगी उप-मंडलों के विद्यार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) इस केंद्र में छात्र एवं छात्राओं हेतु कितने छात्रावास उपलब्ध हैं तथा इनकी आवास क्षमता कितनी है;

(ग) छात्रावास सुविधा के अभाव में कितने विद्यार्थी निजी आवासों अथवा किराये के मकानों में रहने के लिए विवश हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार इस केंद्र में दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों हेतु नए छात्रावास के निर्माण अथवा अतिरिक्त छात्रावास सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक धनराशि का प्रावधान कर दिया जाएगा?

----

## पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना

***4611 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड, दाड़लाघाट को प्रदान किए गए प्रतिष्ठित इकाई के दर्जे की शर्तों, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना, 1994 तथा स्थानीय रोज़गार संबंधी दायित्वों के अनुपालन के संबंध में शिकायतें, अभ्यावेदन एवं प्रस्तुतियां प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा की गई कार्रवाई एवं वर्तमान स्थिति का ब्यौरा दें;

(ख) क्या इस संबंध में उद्योग विभाग, उपायुक्त, उप-मंडलाधिकारी अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई जांच, सत्यापन अथवा तथ्यात्मक परीक्षण करवाया गया है; यदि हां, तो क्या रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो चुकी है तथा उस पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) क्या सरकार प्रतिष्ठित इकाई की स्वीकृति की शर्तों, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना (R&R) योजना, 1994 तथा स्थानीय रोज़गार संबंधी दायित्वों के अनुपालन का स्वतंत्र परीक्षण कर कारण युक्त अंतिम आदेश (Speaking Order) पारित करने का विचार

रखती है; यदि हां, तो संभावित समय-सीमा क्या है; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का प्रावधान

***4612 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक भारत सरकार से प्रदेश सरकार को कितनी धनराशि किन-किन उद्देश्यों हेतु प्राप्त हुई; और

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा किन-किन पूंजीगत कार्यों/परियोजनाओं के लिए कितनी-कितनी धनराशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं

***4613 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने कार्य पूर्ण एवं लंबित हैं; और

(ग) क्या ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में पंचायतवार सामुदायिक आर0ओ0 वाटर प्यूरीफायर सिस्टम स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

***4614 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम जिला चम्बा के अंतर्गत चम्बा से नड्डल, चम्बा से घट्टा वाया झुटार, चम्बा से झोड़ा वाया छुद्रा, चम्बा से कटारा वाया चकलू बस रूट बंद पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो इन सभी निर्दिष्ट रूटों पर निगम की बसों के बंद होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा रूटवार सभा पटल पर रखें; और

(ग) क्या सरकार इन सभी बस रूटों को पुनः सुचारु रूप से आरंभ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## पंचायत भवन

***4615 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में कितनी पंचायतें हैं व उनमें से कितनी पंचायतों के अपने पंचायत घर हैं; शेष पंचायतों में से कितनी पंचायतों के पास पंचायती राज विभाग के नाम ज़मीन उपलब्ध है; कितनी पंचायतों में पंचायत घर निर्माणाधीन हैं; विकास खंडवार ब्यौरा दें?

----

## सब-स्टेशन

***4616 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गोंदपुर में एच0पी0पी0टी0सी0एल0 द्वारा 220 के0वी0 व 132 के0वी0 का सब-स्टेशन स्वीकृत है; यदि हां, तो उसकी अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

----

## देनदारियां

***4617 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति में लोक निर्माण विभाग के मंडल उदयपुर व काजा में विभिन्न मदों में कितनी देनदारियां हैं तथा सरकार द्वारा इन देनदारियों का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**26 अगस्त, 2026.** **सचिव**